# NCERT Solutions for 1st Class Hindi: Chapter 19-चार चने

IndCareer Schools

indCareer indCareer indCareer

# NCERT Solutions for Class 1st Hindi: Chapter 19-चार चने

Class 1st Hindi Chapter 19 Solutions - Complete Class 1 Hindi Chapter 19 Notes.

## NCERT Solutions for Class 1st Hindi: Chapter 19-चार चने

NCERT 1st Hindi Chapter 19, class 1 Hindi Chapter 19 solutions

कविता का सारांश

'चार चने' कविता के रचयिता निरंकारदेव सेवक हैं। इस कविता में कवि ने यह बताया है कि यदि उसके पास पैसे होते तो वह क्या करता। कवि कहता है कि यदि उसके पास पैसे होते तो वह चार चने लाता। उनमें से एक चना वे तोते को खिलाते। चना खाते ही तोता टाँय-टॉय गाता और उन्हें बड़ा मज़ा आता। कवि फिर कहता है कि उसके पास यदि पैसे होते तो वह चार चने लाता। उनमें से एक चना वह घोड़े को खिलाता। इससे घोड़ा उन्हें पीठ पर बैठाता और उसे बड़ा मज़ा आता। अंत में, कवि पुन: कहता है कि यदि

उसके पास पैसे होते तो वह चार चने लाता और एक चना चूहे को खिलाता। चूहा जब चना खाता तो उसका दाँत टूट जाता और उन्हें बड़ा मज़ा आता।

काव्यांशों की व्याख्या

1. पैसा पास होता तो चार चने लाते,

चार में से एक चना तोते को खिलाते।

तोते को खिलाते तो टाँय-टाँय गाता,

टाँय-टाँय गाता तो बड़ा मज़ा आता।

प्रसंग: प्रस्तुत पंक्तियाँ हमारी पाठ्यपुस्तक रिमझिम, भाग-1 में संकलित कविता 'चार चने' से ली गई हैं। इसमें कवि ने यह इच्छा जताई है कि उसके पास यदि पैसे होते तो वह क्या करता।

व्याख्या: इन पंक्तियों में कवि कहता है कि यदि उसके पास पैसे होते तो वह चार चने लाता। चार में से एक चना वह अपने तोते को खिलाता। चना खाते ही तोता टाँय-टाँय गाने लगता और उन्हें बड़ा मज़ा आता।

2. पैसा पास होता तो चार चने लाते,

चार में से एक चना घोड़े को खिलाते।

घोड़े को खिलाते तो पीठ पर बिठाता,

पीठ पर बिठाता तो बड़ा मज़ा आता।

प्रसंग: पूर्ववत।

व्याख्या: उपर्युक्त पंक्तियों में कवि कहता है कि यदि उसके पास पैसे होते तो वह चार चने लाता। उन चार चनों में से एक चना वह अपने घोड़े को खिलाता। जब घोड़ा चना खाता तो उसे पीठ पर बैठाता और उसे बड़ा मज़ा आता।

3. पैसा पास होता तो चार चने लाते,

चार में से एक चना चूहे को खिलाते।

चूहे को खिलाते तो दाँत टूट जाता,

दाँत टूट जाता तो बड़ा मज़ा आता।

प्रसंग: पूर्ववत।

व्याख्या: प्रस्तुत पंक्तियों में कवि कहता है कि उसके पास यदि पैसे होते तो वह चार चने लाता। चार में से एक चना वह चूहे को खिलाता। चूहा चना खाता तो उसके दाँत टूट जाते। इससे कवि को बहुत मज़ा आता।

प्रश्न-अभ्यास

(पाठ्यपुस्तक से)

चार चने होते तो

प्रश्न **1.**

चार चने देकर इनसे क्या-क्या करवाया जा सकता है**?**

उत्तर :

माली – चार चने देकर माली से फूल-पौधों की देखभाल कराई जा सकती है।………..

हलवाई – चार चने देकर हलवाई से जलेबियाँ ली जा सकती हैं।……………..

दीदी – चार चने देकर दीदी के साथ खेलने पार्क में जाया जा सकता है।…………..

दोस्त – "चार चने 'देकर दोस्त को अपने घर खेलने के लिए बुलाया जा सकता है।…………….

किसने खाया**?**

चार चने में से

एक चना तोते को खिलाया।

दूसरा चना 'घोड़े को खिलाया।

तीसरा चना चूहे को खिलाया।

प्रश्न **2.**

एक चना बच गया, उसे किसे खिलाओगे**?**

उत्तर :

बचे हुए एक चने को मैं अपने पालतू खरगोश को खिलाऊँगा।

# Chapterwise NCERT Solutions for Class 1 Hindi :

- Chapter 1 – झूला
- Chapter 2 – आम की कहानी
- Chapter 3 – आम की टोकरी
- Chapter 4 – पत्ते ही पत्ते
- Chapter 5 – पकौड़ी
- Chapter 6 – छुक-छुक गाड़ी
- Chapter 7 – रसोईघर
- Chapter 8 – चूहो! म्याऊँ सो रही है
- Chapter 9 – बंदर और गिलहरी
- Chapter 10 – पगड़ी
- Chapter 11 – पतंग
- Chapter 12 – गेंद-बल्ला
- Chapter 13 – बंदर गया खेत में भाग
- Chapter 14 – एक बुढ़िया
- Chapter 15 – मैं भी......
- Chapter 16 – लालू और पीलू
- Chapter 17 – चकई के चकदुम
- Chapter 18 – छोटी का कमाल
- Chapter 19 – चार चने
- Chapter 20 – भगदड़
- Chapter 21 – हलीम चला चाँद पर
- Chapter 22 – हाथी चल्लम चल्लम
- Chapter 23 – सात पूँछ का चूहा

# About NCERT

The National Council of Educational Research and Training is an autonomous organization of the Government of India which was established in 1961 as a literary, scientific, and charitable Society under the Societies Registration Act. The major objectives of NCERT and its constituent units are to: undertake, promote and coordinate research in areas related to school education; prepare and publish model textbooks, supplementary material, newsletters, journals and develop educational kits, multimedia digital materials, etc.Organise pre-service and in-service training of teachers; develop and disseminate innovative educational techniques and practices;collaborate and network with state educational departments, universities, NGOs and other educational institutions; act as a clearing house for ideas and information in matters related to school education; and act as a nodal agency for achieving the goals of Universalisation of Elementary Education.In addition to research, development, training, extension, publication and dissemination activities, NCERT is an implementation agency for bilateral cultural exchange programmes with other countries in the field of school education.Its headquarters are located at Sri Aurobindo Marg in New Delhi. [Visit the Official NCERT website](#) to learn more.